चुनावी रंजिश: गग्रेट विधानसभा क्षेत्र की चतेहड़ पंचायत में तनाव

ए.एस सुरिंदर शर्मा से मिलते अधिवक्ता अरुण। (सतविंदर लट्ठ)

प्रत्याशी के बेटे अधिवक्ता अरुण ने धमकी मिलने की शिकायत दी, कहा- पुलिस नहीं कर रही कार्यवाही

सवेरा न्यूज़ / राजीव भनोट

ऊना, 27 मईः गग्रेट विधानसभा क्षेत्र के तहत आती चतेहड़ पंचायत में आगामी पंचायत चुनावों को लेकर राजनीतिक माहौल पूरी तरह गर्मा गया है। इस पंचायत में चुनावी मुकाबला बेहद दिलचस्प और कड़ा होने के साथ.साथ अब तनावपूर्ण मोड़ पर पहुंच गया है।

यहाँ एक तरफ अधिवक्ता अरुण की माता जी चुनावी मैदान में हैं तो वहीं दूसरी तरफ सतीश गोगी की धर्मपत्नी चुनाव लड़ रही हैं। इस कड़े मुकाबले के बीच अब आपसी रंजिश और धमकियों का दौर भी शुरू हो चुका है।

तीन बार शिकायत के बाद भी पुलिस मौनः अधिवक्ता अरुण

अधिवक्ता अरुण ने स्थानीय पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सतीश गोगी के समर्थक उन्हें और उनके परिवार को लगातार जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं। अरुण के मुताबिक वे सुरक्षा और निष्पक्षता की गुहार लगाते हुए अब तक पुलिस में तीन बार लिखित शिकायत दर्ज करवा चुके हैं लेकिन इसके बावजूद पुलिस प्रशासन द्वारा अभी तक कोई ठोस कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है। पुलिस की इस ढिलाई के कारण क्षेत्र में डर का माहौल बना हुआ है।

रात को घेराव और अज्ञात नंबरों से आ रही धमकियां

पीड़ित अधिवक्ता ने अपनी शिकायत में एक हालिया खौफनाक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि बीते दिनों जब वह अपनी धर्मपत्नी को पीजीआई ; से इलाज करवाकर देर रात वापस घर लौट रहे थे तो रास्ते में उन्हें रोककर डराया.धमकाया गया। इस घटना के बाद जब वे किसी तरह सुरक्षित अपने घर पहुंचे तो उनके मोबाइल पर अज्ञात नंबरों से धमकी भरे फोन कॉल आने का सिलसिला शुरू हो गया।

प्रशासन से निष्पक्ष चुनाव और सुरक्षा की मांग

अधिवक्ता अरुण ने जिला और पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए तुरंत कानूनी कार्रवाई की जाए और उनके परिवार को सुरक्षा मुहैया करवाई जाए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस पर्व में हर किसी को शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव लड़ने का अधिकार है लेकिन जिस तरह से चतेहड़ पंचायत में भय का माहौल पैदा किया जा रहा हैए उससे निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

पंचायती राज चुनावों में जनता ने कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों को नकारा: जयराम ठाकुर

लगभग 75 प्रतिशत पंचायतों में भाजपा समर्थित प्रधान और उपप्रधान प्रत्याशियों की ऐतिहासिक जीत

सवेरा ब्यूरो

शिमला, 27 मईः पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल में पंचायती राज चुनावों के प्रथम चरण में प्रबुद्ध जनता ने कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों को नकारते हुए भाजपा के पक्ष में एकतरफा और प्रचंड जनादेश चुना है। इस चुनाव के पहले ही चरण में प्रदेश की लगभग 75 प्रतिशत पंचायतों में भाजपा समर्थित प्रधान और उपप्रधान प्रत्याशियों ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है, जिसने यह साफ कर दिया है कि प्रदेश के ग्रामीण अंचलों में राष्ट्रवाद और विकास की एक नई लहर चल रही है और कांग्रेस का गांव-गांव से सफाया शुरू हो चुका है।

उन्होंने प्रदेश की जनता को इस शानदार जनादेश के लिए धन्यवाद दिया और वीरवार को होने वाले दूसरे चरण के पंचायत चुनाव के लिए भी जनता से इसी प्रकार के सहयोग की पुरजोर अपील की नेता प्रतिपक्ष ने वर्तमान कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि इस सरकार ने झूठ बोलकर और जनता को गुमराह करके सत्ता तो हथिया ली, लेकिन सत्ता में आने के बाद प्रदेश के विकास कार्यों पर पूरी तरह से पूर्ण विराम लगा दिया है। जनता अब इस सच्चाई को अच्छी तरह समझ चुकी है कि यदि गांव और क्षेत्र का वास्तविक विकास करना है तो भाजपा के साथ ही आगे बढना होगा। उन्होंने पूर्ण विश्वास जताया कि आने वाले समय में प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बनना तय है और केंद्र सरकार के मजबूत सहयोग से हिमाचल में विकास का पहिया श्डबल इंजनश की रफ्तार से आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को पता था कि चुनावों में परिणाम कांग्रेस पार्टी के पक्ष में नहीं आने वाले हैं तो उन्होंने इन चुनावों को समय पर नहीं करवाया और आज छः माह का अतिरिक्त समय निकल चुका है। इस अवधि में जो विकास पंचायतों में होना चाहिए था वो कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री की हठधर्मिता के कारण रुका पड़ा है। केंद्र सरकार से लगातार मदद मिल रही है लेकिन इस सरकार ने उसे भी लोगों तक पहुंचाने में देरी की है। इसके अतिरिक्त, एक अन्य महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने सुप्रीम कोर्ट की हालिया टिप्पणी का हवाला देते हुए कांग्रेस को आड़े हाथों लिया।

जयराम ठाकुर

उन्होंने कहा कि देश की शीर्ष अदालत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि विशेष गहन समीक्षा (एसआईआर) कानून सम्मत, वैध और पूरी तरह संवैधानिक प्रक्रिया है। सुप्रीम कोर्ट के इस बड़े फैसले के बाद कांग्रेस का तथाकथित संविधान विरोधी चेहरा देश और प्रदेश की जनता के सामने पूरी तरह बेनकाब हो गया है, क्योंकि कांग्रेस अब तक देश की जनता को केवल वोट बैंक की ओछी राजनीति के लिए धोखा देती आ रही थी और घुसपैठियों के सहारे चुनावों में अनुचित फायदा उठाने का प्रयास कर रही थी, लेकिन अब देश और प्रदेश में यह तुष्टिकरण और धोखे की राजनीति बिल्कुल नहीं चलेगी।

चताड़ा पंचायत की हर कमी में करेंगे सुधार, विकास का नया मॉडल बनाएंगे: भुपिंदर ठाकुर

जल, स्वच्छता,शिक्षा के क्षेत्र में को नंबर एक बनाने का दावा

चताड़ा पंचायत में चुनाव प्रचार ने अंतिम चरण में पकड़ी रफ्तार

सवेरा न्यूज़ / राजीव भनोट

ऊना, 27 मई : कुटलैहड़ की चताड़ा पंचायत में चुनावी सरगर्मियां धीरे-धीरे पूरी तरह से परवान चढ़ने लगी हैं। प्रत्याशी अब डोर-टू-डोर कैंपेनिंग और नुक्कड़ सभाओं के जरिए जनता के बीच अपनी पैठ मजबूत करने में जुट गए हैं। इसी कड़ी में चुनाव प्रचार के दौरान जनता से बात करते हुए प्रधान पद के उम्मीदवार भूपिंदर ने पंचायत के चहुंमुखी विकास को लेकर अपना विजन सामने रखा।

भुपिंदर ठाकुर

भुपिंदर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि चताड़ा पंचायत की हर कमी को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाएगा और यहाँ विकास का एक ऐसा नया मॉडल स्थापित किया जाएगा,जो पूरे क्षेत्र के लिए मिसाल बनेगा।

स्वच्छ जल,शिक्षा और स्वच्छता पर रहेगा मुख्य फोकस

जनता से संवाद करते हुए भुपिंदर ठाकुर ने विशेष रूप से मूलभूत सुविधाओं पर जोर दिया। उन्होंने कहा

मेरा मुख्य लक्ष्य चताड़ा को जल संरक्षण ,शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता के क्षेत्र में नंबर एक पंचायत बनाना है। हर घर तक साफ पेयजल की पहुंच सुनिश्चित करना और गाँव की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करना हमारी सबसे पहली प्राथमिकता होगी।

जनता का मिल रहा है भारी समर्थन

जैसे-जैसे चुनाव प्रचार आगे बढ़ रहा है, चताड़ा पंचायत में चुनावी माहौल पूरी तरह गरमाता जा रहा है। भुपिंदर के जनसंपर्क अभियानों में ग्रामीणों,युवाओं और विशेषकर महिलाओं की भारी भागीदारी देखने को मिल रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पंचायत को इस समय एक ऐसे नेतृत्व की जरूरत है जो जमीन से जुड़कर काम करे और बुनियादी समस्याओं का स्थायी समाधान निकाले।

जनता की सहभागिता से चलेगा विकास का पहिया : लता कुमारी

नगनोली में लता कुमारी का तूफानी चुनाव प्रचार,हर वर्ग से मिल रहा भारी समर्थन

बुजुर्गों ने दिया जीत का आशीर्वाद, महिलाओं और युवाओं में भारी उत्साह

सवेरा न्यूज़ / राजीव भनोट

ऊना,27मईः उपमंडल हरोली के तहत ग्राम पंचायत नगनोली में पंचायत चुनाव का पारा अपने चरम पर पहुँच गया है। प्रधान पद की मजबूत दावेदार लता कुमारी ने अपने सघन जनसंपर्क अभियान के तहत नगनोली में तूफानी चुनावी प्रचार किया। इस दौरान जहां उन्होंने विरोधियों पर तीखे राजनीतिक बाण छोड़े,वहीं ग्रामीणों के साथ अपनी भावुक प्रतिबद्धता भी दोहराई। लता कुमारी ने दो.टूक शब्दों में कहा कि नगनोली का विकास अब किसी बंद कमरे की बंदिशों में तय नहीं होगा बल्कि जनता की खुली सहभागिता और विचार.विमर्श से धरातल पर उतरेगा।

24 घंटे आपके सुख-दुख का साथी बनकर रहूँगी

जनता से संवाद के दौरान लता कुमारी बेहद भावुक नजर आईं। उन्होंने अतीत के दिनों को याद करते हुए कहा वे पहले भी बिना किसी पद के अपने पति मेहताब के साथ मिलकर दिन.रात जनता की सेवा में खड़ी रही हैं। उन्होंने मतदाताओं को विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी वे चौबीस घंटे जनता के सुख.दुख की साथी बनी रहेंगी। उन्होंने कहा कि उनका जीवन नगनोली की जनता की सेवा के लिए समर्पित है पद तो सिर्फ एक जरिया है असली मकसद हर नागरिक की समस्याओं का धरातल पर समाधान करना है।

सामाजिक सरोकाररू नशे के खिलाफ जंग और महिला जागरूकता पर रहेगा जोर

चुनाव प्रचार के दौरान लता कुमारी ने गांव के सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करने पर विशेष रोडमैप साझा किया। उन्होंने कहा कि आज समाज को खोखला कर रहे नशे के खिलाफ महिलाओं और युवाओं को एकजुट कर एक व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनानेए उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और समाज में उन्हें बराबर का हक दिलाने के लिए वे विशेष प्रयास करेंगी।

स्वास्थ्य क्रांति निशुल्क कैम्प होंगे : नगनोली के विकास के लिए अपने संकल्प पत्र को साझा करते हुए लता कुमारी ने एक बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि पंचायत के गरीब और जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के लिए गांव में लगातार निशुल्क मेडिकल कैम्प लगाये जाएंगे। इसके माध्यम से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक मुफ्त दवाइयां और प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाई जाएंगी, ताकि पैसों के अभाव में किसी का इलाज न रुके।

बुजुर्गों का मिला आशीष प्रचार के दौरान

लता कुमारी को हर वर्ग का भरपूर समर्थन मिल रहा है। गांव के बुजुर्गों ने सिर पर हाथ रखकर उन्हें जीत का आशीर्वाद दिया वहीं महिलाओं और युवाओं की टोली उनके विजन को लेकर बेहद उत्साहित नजर आ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लता कुमारी का सेवाभाव ही इस बार नगनोली में विकास की नई इबारत लिखेगा।

NOTICE TO APPEAR / ATTEND PROCEEDINGS OF DLM&SFC-LDH

Through this Publication This is for Constructive Notice for respondent AISHWARYA HEALTHCARE, KHASRA NO 1568-1570/1 VILLAGE, THANA P.O. BADDI TEHSIL BADDIBADDI, SOLAN, HIMACHAL PRADESH 173205 to appear in person or through Authorized representative before the District level Micro & Small facilitation Council Ludhiana, District Industries Centre, Ludhiana on dated 01-06-2026 regarding claim reference petition submitted by MULTIFORM SHIPPING AGENCY Flat No: ROOM NO. 1, GF, NEAR VEER PALACE (N.H.5), JEEWAN NAGAR, FOCAL POINT, MAIN ROAD, Block:- B-030, VASIKA NO. 17330, City: LUDHIANA U/S 18(1) of MSME Act 2006 bearing Reference no: MSEFC/DIC/06/25/3489 If respondent still fails or omits to appear as above then arbitration proceedings shall be conducted as per section 23 & 25 of Arbitration & Conciliation Act and award shall also be passed on the basis of evidence

Member Secretary cum General Manager
District Industries Centre, Industrial Estate, Ludhiana
Email id: dicludhiana5@gmail.com, ludhiana.msefc@gmail.com

राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने प्रो. धूमल से की मुलाकात

"मोदी युग में भारत का सशक्तिकरण" किताब की भेंट

सवेरा न्यूज/कपिल बस्सी

हमीरपुर, 27 मई : राज्यसभा सांसद प्रो. सिकंदर कुमार ने बुधवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल से उनके समीरपुर स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट की। सिकंदर ने प्रो. धूमल को "मोदी युग में भारत का सशक्तिकरण" पुस्तक भी भेंट की। इस दौरान सिकंदर कुमार ने कहा कि धूमल का राजनीतिक जीवन संगठन, सुशासन और जनसेवा का प्रेरणादायक उदाहरण रहा है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के विकास, भाजपा संगठन के विस्तार तथा आमजन के हितों की रक्षा में प्रो. धूमल का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उनके नेतृत्व में प्रदेश ने विकास और पारदर्शिता की नई दिशा प्राप्त की तथा पार्टी कार्यकर्ताओं को मजबूत वैचारिक आधार मिला। सिकंदर ने कहा कि प्रो. धूमल का अनुभव और मार्गदर्शन आज भी पार्टी के लिए ऊर्जा का स्रोत है। धूमल ने राज्यसभा सांसद का शिष्टाचार भेंट एवं पुस्तक भेंट करने के लिए आभार व्यक्त किया तथा उनके कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर, पूर्व जिलाध्यक्ष रघुवीर ठाकुर और नादौन मंडल के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार भी उपस्थित रहे।

संगरोह पंचायत के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों ने धूमल से लिया आशीर्वाद

संगरोह पंचायत के नवनिर्वाचित प्रधान सुनील कुमार व उपप्रधान प्रीतम चंद ने अपने पंचायत सदस्यों और समर्थकों सहित प्रो. धूमल से शिष्टाचार भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रो. धूमल ने नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को उज्ज्वल कार्यकाल हेतु हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा विश्वास जताया कि पंचायत की नई टीम जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

पंचायत चुनाव में जीत के दावों पर छिड़ी सियासत

सवेरा ब्यूरो

शिमला, 27 मई : हिमाचल प्रदेश में पंचायती राज चुनाव के पहले चरण के परिणाम आने के साथ ही सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष द्वारा 75 फीसदी पंचायतों में भाजपा समर्थित प्रधान और उपप्रधानों की जीत के दावे पर लोक निर्माण मंत्री ने तीखा पलटवार किया है।

शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि पंचायत चुनाव किसी राजनीतिक दल के चुनाव चिन्ह पर नहीं लड़े जाते और अधिकांश उम्मीदवार सीधे तौर पर दलगत राजनीति से जुड़े नहीं होते। उन्होंने भाजपा के दावों पर सवाल उठाते हुए कहाए श्क्या जीते हुए प्रधानों पर भाजपा का मार्का लगा हुआ है? उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव पूरी तरह स्थानीय मुद्दों, गांव के विकास और उम्मीदवार की व्यक्तिगत छवि पर आधारित होते हैं। जनता व्यक्ति और उसके काम को देखकर वोट करती है, न कि किसी पार्टी के नाम पर। मंत्री ने भाजपा नेतृत्व को बेबुनियाद दावों और राजनीतिक श्रेय लेने की होड़ से बचने की सलाह भी दी। कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि कांग्रेस पंचायत चुनावों को कभी हल्के में नहीं लेती और सरकार सभी निर्वाचित प्रधानों व उपप्रधानों के साथ मिलकर विकास कार्यों को आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि गांव की सरकारें लोकतंत्र की सबसे मजबूत कड़ी हैं और उन्हें राजनीतिक रंग देने से बचना चाहिए। दरअसल, इससे पहले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने प्रेस बयान जारी कर दावा किया था कि 26 मई को हुए पंचायत चुनावों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। बिंदल के अनुसार प्रदेश की 1293 पंचायतों में हुए मतदान के बाद करीब 75 प्रतिशत पंचायतों में भाजपा समर्थित प्रधान और उपप्रधान विजयी रहे हैं।

उन्होंने इसे कांग्रेस सरकार के खिलाफ जनता का जनादेश बताते हुए कहा था कि प्रदेश की जनता सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों, अधूरे वादों, बेरोजगारी और आर्थिक संकट से नाराज है। भाजपा ने चुनाव परिणामों को सरकार के खिलाफ बढ़ते जनाक्रोश का संकेत बताया था। पहले चरण के नतीजों के बाद भाजपा और कांग्रेस के बीच शुरू हुई जुबानी जंग ने साफ कर दिया है कि हिमाचल में पंचायत राजनीति भी अब बड़े सियासी मुकाबले का मंच बनती जा रही है।

कांग्रेस के गिरते जनाधार से बौखलाए विक्रमादित्य सिंह : राकेश जमवाल

सवेरा ब्यूरो

शिमला, 27 मई : भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जमवाल ने कांग्रेस मंत्री विक्रमादित्य सिंह के बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस के लगातार गिरते ग्राफ को देखकर वह पूरी तरह बौखला चुके हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में अपनी राजनीतिक जमीन और भविष्य तलाश रहे विक्रमादित्य सिंह अब भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल पर अनर्गल टिप्पणी और बयानबाजी कर रहे हैं। राकेश जमवाल ने कहा कि वास्तविकता स्वयं विक्रमादित्य सिंह भी जानते हैं कि प्रदेश में कांग्रेस का जनाधार तेजी से समाप्त हो रहा है और पार्टी धरातल पर समापन की ओर बढ़ चुकी है। पंचायत चुनावों में जनता ने कांग्रेस की जनविरोधी, विकास विरोधी और केवल बयानबाजी करने वाली राजनीति को पूरी तरह नकार दिया है। उन्होंने कहा कि विक्रमादित्य सिंह खुद रामपुर नगर पंचायत और सुन्नी क्षेत्र में चुनाव प्रचार करने गए, लेकिन वहां भी कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। अब स्थिति यह है कि वह अपने प्रभाव वाले क्षेत्रों में भी प्रधान और उपप्रधानों को बचाने में असफल साबित हो रहे हैं। भाजपा मुख्य प्रवक्ता ने कहा कि पंचायत चुनावों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की ऐतिहासिक जीत ने यह साबित कर दिया है कि प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार से पूरी तरह निराश हो चुकी है। जनता विकास, पारदर्शिता और मजबूत नेतृत्व के साथ खड़ी है।राकेश जमवाल ने कहा कि कांग्रेस के साथ-साथ विक्रमादित्य सिंह का राजनीतिक समय भी समापन की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा है और यही कारण है कि वह तथ्यों से परे जाकर केवल भौकाल और भ्रम फैलाने की राजनीति कर रहे हैं। भाजपा जनादेश का सम्मान करती है और प्रदेश के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

Notice U/s 15 of Special Marriage Act, 1954 inviting the objections of the General Public for the registration of the marriage

Case No: 609021/2026
Date of Instt:- 25-05-2026

Notice to the General Public

Sh. Satish Kumar S/o Pramod Singh, Tehsil Baijnath, Village Ridhi, P.O. Kothi, District Kangra, Himachal Pradesh 176088 at present residing in C/o Ajay Thakur S/o Sh. Budh Ram Thakur R/o Ward No. 01 Baddi, P.O. & Tehsil Baddi, District Solan, H.P. (D.O.B. 28-12-1985) and Smt. Shalu D/o Nand kishor, H.N. 28, Gali No. 39, B Block, Kaushik Enclave, Burari, North Delhi, Delhi 110084 at present residing in C/o Ajay Thakur S/o Sh. Budh Ram Thakur R/o Ward No. 01 Baddi, P.O. & Tehsil Baddi, District Solan, H.P. (D.O.B. 06-08-1998) has moved an application U/s 15 of the Special Marriage Act, 1954 for registration of their marriage that was solemnized on 22 July, 2024.

And whereas both the applicants have submitted in their application and their affidavits that they were unmarried at the time of solemnization of their marriage, and were major in age and having no prohibited relations to each other debarring them to marry each other. Both the applicants have requested for registration of their marriage.

Therefore, by this notice the public in General is informed that if any one has any objection regarding registration of this marriage, he may present before this Court within 30 days from the date of publication of this notice for hearing of objections if any. In case no objection is received in this court within the said period, it will be presumed that there is no objection to the registration of the above said marriage and the same will be registered thereafter.

Given under my hand and seal of the Court on 26/05/2026.

Sd/-
Marriage Officer-cum-SDM
Baddi Distt. Solan, H.P

BSNL Connecting Bharat

भारत संचार निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का एक उपक्रम)
BHARAT SANCHAR NIGAM LIMITED
(A Govt of India Entepririse)

संख्याः BSNLCO-11/12(11)/1/2026-RECTT-CO दिनांक : 26.05.2026

भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) दूरसंचार संवर्ग में कनिष्ठ दूरसंचार अधिकारी (जूनियर टेलीकॉम ऑफिसर) के पद हेतु प्रत्यक्ष भर्ती योजना के अंतर्गत खुले बाजार से प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से आवेदन आमंत्रित करता है।

इच्छुक उम्मीदवार अधिक जानकारी एवं नवीनतम अपडेट के लिए बीएसएनएल की वेबसाइट www.bsnl.co.in पर जा सकते हैं।

बीएसएनएल निगम कार्यालय, नई दिल्ली

CBC-06204/12/0001/2627

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखें

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तः **पंकज रोहता, पुत्रः नारायण सिंह, निवासीः गांव मतलू, डाकघर बागी, रूट्स कंट्री स्कूल के पास, तहसील–कोटखाई, जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **Ct. Case No. 2689/2018 U/S 138 NI Act** के तहत एक मामला **थाना महेंद्र पार्क, उत्तर पश्चिम जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **पंकज रोहता** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **पंकज रोहता** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **Ct. Case No. 2689/2018 U/S 138 NI Act, थाना महेंद्र पार्क, उत्तर पश्चिम जिला, दिल्ली** के अभियुक्त **पंकज रोहता**, को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए **दिनांक 28.09.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, अमरदीप कौर,
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी (उत्तर),
रूम नंबर 117, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली।

DP/6915/NW/2026
(अदालती मामला)

जात-पात से ऊपर उठकर जीहन पंचायत ने चुना विकास का नेतृत्व, मनोज तीसरी बार प्रधान निर्वाचित

सवेरा न्यूज

नादौन, 27 मई : ग्राम पंचायत जीहन में पंचायत चुनावों के दौरान मतदाताओं ने सामाजिक समरसता और लोकतांत्रिक जागरूकता की मिसाल पेश करते हुए जात-पात और क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर विकास एवं जनसेवा को प्राथमिकता दी। खुले वर्ग के लिए आरक्षित प्रधान पद पर चुनाव लड़ रहे ओबीसी वर्ग से संबंधित मनोज कुमार उर्फ "मौजू" ने शानदार जीत दर्ज करते हुए लगातार तीसरी बार प्रधान बनने का गौरव हासिल किया। इससे पहले वह दो कार्यकाल तक उप-प्रधान के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। मनोज कुमार ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी राकेश कुमार को 147 मतों से हराया।

मनोज को 429, राकेश को 282 तथा अंशुल को 40 मत प्राप्त हुए। पंचायतवासियों ने स्पष्ट संदेश दिया कि उनके लिए जातीय या वर्गीय भेदभाव नहीं, बल्कि ईमानदारी, कार्यशैली और विकास महत्वपूर्ण हैं। जीत के बाद पंचायत क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

व अदालत साजन बग्गा तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी पालमपुर जिला कांगड़ा हि०प्र०

मुकदमा नं. 709963/26 किस्म मुकदमा दुरुस्ती
तारीख पेशी 10.06.2026
राशी सूद बनाम आम जनता
नोटिस बनाम - राशी सूद पुत्री रवि कुमार निवासी महाल बाग बूहला तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि० प्र०।
बनाम
आम जनता

अखबारी इश्तिहार

उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में विचाराधीन है। इसमें प्रार्थी ने अपने नाम की दुरुस्ती हेतु प्रार्थना पत्र पेश किया है। प्रार्थना पत्र में प्रार्थी ने व्यक्त किया है कि उसका नाम महाल बाग बूहला के राजस्व अभिलेख में गलती से कुमारी राशी हो गया, जबकि अन्य दस्तावेजों में उसका सही नाम राशी सूद पुत्री रवि कुमार है। अतः अखबारी इश्तिहार हि० प्र० द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी का सही नाम राशी सूद पुत्री रवि कुमार है। अतः इस बारे किसी को कोई भी उजर या ऐतराज हो तो वह दिनांक 10.06.2026 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर होकर पेश कर सकता है। गैर हाजिरी की सूरत में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।
आज दिनांक 25.05.2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।
No 87/R-1
सहायक
समाहर्ता प्रथम श्रेणी पालमपुर

अज अदालत कार्यकारी दण्डाधिकारी उप-तहसील मकरीडी जिला मण्डी (हि०प्र०)

मिसल नं. 04 तारीख मरजुआ 28-04-2026 तारीख पेशी 05-06-2026
श्रीमति नर्वदा देवी पुत्री चौधरी राम निवासी दोबडा डाकघर दुब्बल उप-तहसील मकरीडी जिला मण्डी (हि०प्र०)
प्रार्थीन
बनाम
आम जनता
फरीक दोम

जेर धारा 13 (3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 के अन्तर्गत आवेदन पत्र।
श्रीमति नर्वदा देवी पुत्री चौधरी राम निवासी दोबडा डाकघर दुब्बल उप-तहसील मकरीडी जिला मण्डी (हि०प्र०) ने इस न्यायालय में आवेदन पत्र गुजारा है कि प्रार्थीन की वास्तविक जन्म तिथि 02-11-1952 है, जो प्रार्थीन के पहचान पत्र व परिवार नकल में भी सही दर्ज है। लेकिन प्रार्थीन की जन्म तिथि ग्राम पंचायत दुब्बल के जन्म एवं मृत्यु रजिस्टर में दर्ज नही है, जिसे दर्ज करने के आदेश पारित किये जावें।
अतः इश्तिहार अखबार के माध्यम से सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त मुकदमा बारे कोई उजर एतराज हो तो वह दिनांक 05-06-2026 प्रातः 10:00 बजे असालतन वा वकालतन इस न्यायालय में हाजिर होकर अपने उजर एतराज पेश करे अन्यथा गैर हाजिरी की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।
आज दिनांक 28-04-2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।
कार्यकारी दण्डाधिकारी
मकरीडी जिला मण्डी (हि०प्र०)

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

रीजनल ऑफिस, शिमलाः- फर्स्ट फ्लोर, डोगरा कमर्शियल कॉम्प्लेक्स (संकेत हाइट्स), एप्पल मंडी के पास, भट्टाकुफर, संजौली, शिमला, एच.पी. - 171006

ई-नीलामी बिक्री सूचना

विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए यहां स्कैन करें

अनुबंध-ई
चल संपत्ति/संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना
[चल संपत्ति के लिए नियम 6(2) के साथ परिशिष्ट- II A]

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत चल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6(2) के प्रावधान के साथ पठित। इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं), मार्टगेजर(ों) और गारंटर(ों) को यह सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित चल संपत्तियां, जो सुरक्षित लेनदार के पास हाइपोथिकेटिड/मार्टगेजर/भारित हैं, जिनका कब्जा बैंक ऑफ बड़ौदा, सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, नीचे उल्लेखित खाते/खातों में देय राशि की वसूली के लिए 'जैसी है जहां है', 'जैसी है जो है' और 'जो कुछ भी है' के आधार पर बेची जाएगी, पहचाने गए किसी भी देय राशि की देयता/देयताएं खरीदार पर होंगी, बैंकर पर नहीं। कर्जदार/मार्टगेजर/गारंटर/सिक्योर्ड एसेट/ड्यूज/रिजर्व प्राइस/ई-ऑक्शन की तारीख और समय, EMD और बिड बढ़ाने की रकम की डिटेल्स नीचे दी गई हैं:-

क्र. सं.	शाखा और कर्जदार (ों) / गारंटर (ों) और मोर्टगेजर (ों) का नाम	ज्ञात भारों सहित चल/अचल सम्पत्ति का विवरण, यदि कोई है	कुल देय	ई-नीलामी की तिथि व समय	आरक्षित कीमत / ईएमडी / बोली वृद्धि राशि	कब्जे का स्टेटस (रचनात्मक/मूल)	संपत्ति निरीक्षण दिनांक और समय
1.	पांवटा साहिब शाखाः उधारकर्ता(ओं):- श्रीमती निधि शर्मा पत्नी दिनेश शर्मा, निवासी गाँव अम्बोया, तहसील पांवटा साहिब, जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश - 173025।	गाड़ी का हाइपोथेकेशनः- (कार) टाटा नेक्सन XM 1.5 RTO के तौर पर; रजिस्ट्रेशन नंबर HP 17G-2479; चेसिस नंबर MAT627132MLH61224; इंजन नंबर 1.5CR05HYXW15834; गाड़ी का रंगः कैलगरी व्हाइट; मैन्युफैक्चरिंग सालः 2021.	25.05.2026 तक 7,01,312/- रुपये और उस पर ब्याज और शुल्क	22.06.2026 दोपहर 02:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक	रु. 378,000/- / रु.